सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 27 | इंदौर, सोमवार 17 अगस्त, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए







## डेढ़ लाख महाकाल,चार लाख श्रद्धालुओं ने नागचंद्रेश्वर के दर्शन किए

### हरसिद्धि मंदिर के सामने व्यवस्था बिगड़ी भक्त बोले- 4 घंटे लाइन में लगे रहे



**उज्जैन। सावन माह के तीसरे सोमवार और नागपंचमी के संयोग पर उज्जैन समेत प्रदेशभर के प्रमुख शिव और नागदेवता मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। उज्जैन में अब तक महाकाल मंदिर में डेढ़ लाख और नागचंद्रेश्वर मंदिर में चार लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।**

वर्ष में एक बार खुलने वाले नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट रविवार रात 12 बजे खोले गए, जो अगले 24 घंटे दर्शन के लिए खुले रहेंगे। महाकाल मंदिर के पट तड़के 2:30 बजे खोले गए और भस्म आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

हालांकि, महाकाल मंदिर में भीड़ के बीच व्यवस्था बिगड़ने की शिकायतें भी सामने आई हैं। कई श्रद्धालु भीड़ में फंस गए, जबकि हरसिद्धि मंदिर के सामने बैरिकेडिंग में कई महिला-पुरुष दब गए। दर्शनार्थियों ने इसे अब तक की सबसे खराब व्यवस्था बताया।

नागपंचमी पर प्रदेश के अन्य मंदिरों में भी विशेष आयोजन और श्रद्धालुओं की भीड़ है। सेंधवा के नागलवाड़ी शिखरधाम में भिलट देव का 101 लीटर दूध से अभिषेक कर 108 व्यंजनों का भोग लगाया गया। अब तक एक लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं और आज 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है।

भोजपुर महादेव का 6 क्विंटल फूलों से नागेश्वर स्वरूप में श्रृंगार किया गया। ग्वालियर के प्राचीन नागदेवता मंदिर, रायसेन के सोमेश्वर धाम और गैरतगंज के नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना और अभिषेक किया।

इधर, शाम 4 बजे बाबा महाकाल की तीसरी सवारी निकलेगी, जिसमें चंद्रमौलेश्वर पालकी में, मनमहेश हाथी पर और शिव-तांडव प्रतिमा गरुड़ रथ पर विराजित रहेगी।

## बंगाल में बीरभूम के होटल में आग, 7 की मौत

**बीरभूम।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में सोमवार सुबह एक होटल में आग लग गई। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और नौ लोग गंभीर रूप से घायल हैं। आग लगने का कारण एसी में शॉर्ट सर्किट होना है। जानकारी के मुताबिक, सावन सोमवार के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु तारापीठ मंदिर पहुंचे थे। कई लोग बिदिशिनी होटल में ठहरे थे। सुबह करीब 4:30 बजे जब लोग सो रहे थे तो होटल की पहली मंजिल पर आग लग गई। होटल का पिछला दरवाजा बंद होने से लोग तुरंत बाहर नहीं निकल सके। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है। हादसे में घायल लोगों को रामपुरहाट सरकारी मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

### पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य स्मृति में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दी

# 60 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के विकास कार्यों की सौगात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में बड़ी सौगात देते हुए 60 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमिपूजन किया है। उन्होंने मुख्य रूप से अन्नपूर्णा रोड से रिंग रोड को जोड़ने वाले 16 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से नवनिर्मित मार्ग 'अटल पथ' का लोकार्पण कर इसे आमजन को समर्पित किया। साथ ही उन्होंने टिगरिया बादशाह मेन रोड से कुशवाह नगर होते हुए उज्जैन नाका-बाणगंगा तक बनने वाले लिंक रोड सहित अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमि पूजन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. श्री अटल जी के राष्ट्र निर्माण में योगदान और उनके आदर्शों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इंदौर स्वच्छता, सेवा और सुशासन का सिरमौर है। इंदौर से मध्यप्रदेश में नई तकनीक और नवाचार की गंगा बह रही है। आज फिर यहां एक नया नवाचार देखने को मिला है। उन्होंने चिड़ियाघर में विकसित किए जा रहे आकर्षक नवाचारों के लिए सभी संबंधितों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन कार्यों में सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आएगा, लेकिन सरकार की हिस्सेदारी के साथ निजी सहभागिता से ऐसे नवाचारों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अटल जी का इंदौर से गहरा संबंध रहा है। वे उत्कृष्ट राजनेता, लेखक, कवि और कुशल वक्ता होने के साथ लोकतंत्र की गरिमा को स्थापित करने वाले अजातशत्रु राजनेता थे। उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की भूमिका को गरिमा के साथ निभाने का आदर्श प्रस्तुत किया। उनके जीवन से आज के राजनेताओं को सीखना चाहिए कि नेता प्रतिपक्ष की भूमिका, उसका आचरण और व्यवहार कैसा होना चाहिए।

**अटल जी के नाम पर विकास कार्यों की सौगात-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटल जी के नाम पर अटल पथ का लोकार्पण करते हुए उन्हें विशेष प्रसन्नता हो रही है। इंदौर में इच्छाशक्ति और जनभागीदारी से किए जा रहे विकास कार्य शहर को नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने अटल जी की प्रतिमा सहित लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत से सात विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सुशासन और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने बताया कि लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से टिगरिया बादशाह मुख्य मार्ग से कुशवाह नगर होते हुए उज्जैन नाका तक बनने वाली सड़क भविष्य में सिंहस्थ के दौरान भी अत्यंत उपयोगी साबित होगी।

उन्होंने कहा कि इंदौर और उज्जैन में होने वाले विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए आने-जाने के सभी प्रमुख मार्गों का सुदृढ़ीकरण आवश्यक है। इसी क्रम में फूटी कोठी चौराहे से संत श्री सेवालाल ब्रिज के सर्विस रोड का भी लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से भूमिपूजन किया गया है।

**अटल जी के सपनों को साकार कर रही सरकार-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटल जी ने अपने शासनकाल में भारत को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की मजबूत नींव रखी। परमाणु शक्ति संपन्न भारत, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वर्णिम चतुर्भुज जैसी अनेक योजनाएं उनके दूरदर्शी नेतृत्व की देन हैं। उन्होंने नदी जोड़ो अभियान का सपना भी देखा था, जिसे अब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन-बेतवा तथा पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजनाओं के माध्यम से मध्यप्रदेश और राजस्थान के बड़े क्षेत्र को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि नर्मदा के पानी ने मालवा-निमाड़ और इंदौर क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। अटल जी की उपस्थिति में इंदौर में नर्मदा जल आने का उत्सव मनाया गया था। आज नर्मदा का पानी पेयजल, सिंचाई और औद्योगिक गतिविधियों के लिए क्षेत्र के विकास का आधार बन चुका है।

**इंदौर को मिल रही आधुनिक कनेक्टिविटी की सौगात-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर महानगर के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के साथ भोपाल मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र और अब जबलपुर तथा ग्वालियर को भी आधुनिक विकास की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है। इंदौर को अंतरराष्ट्रीय विमानतल का दर्जा मिलने से वैश्विक कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। अबूधाबी के लिए नियमित उड़ानों के साथ आने वाले समय में अन्य अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी भी बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि इंदौर-उज्जैन मार्ग के सुदृढ़ीकरण, इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना और दिल्ली मार्ग से इंदौर की सीधी रेल कनेक्टिविटी जैसी परियोजनाएं आने वाले समय में शहर की आर्थिक गतिविधियों को नई गति देंगी। इंदौर-पीथमपुर आर्थिक कॉरिडोर सहित विभिन्न परियोजनाओं से रोजगार और निवेश के नए अवसर पैदा होंगे।

**ओंकारेश्वर-महाकाल दर्शन के लिए हेलीकॉप्टर सेवा-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर से ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर के दर्शन के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होना धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है। श्रद्धालुओं को हेलीकॉप्टर से दोनों ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के साथ स्थानीय परिवहन और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।



### वंदे मातरम् के 150 वर्ष पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए जा रहे आयोजनों का उल्लेख करते हुए कहा कि वंदे मातरम् भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। हजारों क्रांतिकारियों ने वंदे मातरम् का उद्घोष करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत के प्रति सम्मान तथा उनकी गरिमा बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक अधिकारों के साथ मर्यादा और राष्ट्र के प्रति सम्मान भी आवश्यक है। हमें अपने राष्ट्रीय प्रतीकों और देश की गौरवशाली परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इंदौर में विकास का सिलसिला लगातार जारी रहेगा और अटल जी के सुशासन, विकास तथा राष्ट्र निर्माण के सपनों को साकार करने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कार्यक्रम में जागो सन्यासी जागो पुस्तिका का विमोचन भी किया। कार्यक्रम के दौरान लाडली बहनों ने मुख्यमंत्री जी को राखी भी बाँधी।

### खुली जीप में सवार होकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे मुख्यमंत्री, पुष्प वर्षा कर नागरिकों ने जताया आभार

अटल पथ पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव खुली जीप में सवार होकर जनता का अभिवादन करते हुए मुख्य मंच तक पहुंचे। मार्ग के दोनों ओर खड़े होकर तथा घरों से बड़ी संख्या में मौजूद क्षेत्रीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री जी का आत्मीय स्वागत किया। सड़क निर्माण की सौगात मिलने पर नागरिकों ने पुष्प वर्षा के माध्यम से मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया और खुशी जाहिर की। पूरे मार्ग में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। अटल जी का मार्गदर्शन और उनकी विचारधारा सदैव हमारा मार्गदर्शन करती रहेगी : मंत्री श्री विजयवर्गीयकार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि अटल पथ का निर्माण और उसका भूमि पूजन करना गौरव की बात है। अटल पथ पर चलना तो आसान है, लेकिन अटल जी के बताए मार्ग पर चलना बहुत कठिन है। अटल जी ने अपने सार्वजनिक जीवन में राष्ट्रहित, सिद्धांतों और मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देश के पहले वर्चुअल चिड़ियाघर का किया लोकार्पण

## इंदौर सबसे बेहतर और अलग करता है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रियों, महापौर, सांसद एवं स्कूली बच्चों के साथ देखी 14-डी व 360 डिग्री थियेटर में फिल्म
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में साढ़े 4 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 14-डी सिनेमा थिएटर और वर्चुअल जंगल सफारी का किया लोकार्पण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को देश के पहले वर्चुअल चिड़ियाघर का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने इंदौर प्राणी संग्रहालय में स्थापित साढ़े 4 करोड़ रुपये की लागत से पीपीपी मॉडल पर निर्मित 14-डी सिनेमा थियेटर एवं वर्चुअल जंगल सफारी का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इंदौर जो भी करता है, सबसे अच्छा करता है। इंदौर निरंतर नवाचार और विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्चुअल जंगल सफारी आमजन के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी। इससे लोगों को जंगल और वन्यजीवों का आभासी अनुभव प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से नगर निगम को आमदनी भी प्राप्त होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी मंत्रियों एवं स्कूली बच्चों के साथ 14-डी सिनेमा थियेटर में बैठकर फिल्म का आनंद लिया। फिल्म देखने के बाद उन्होंने कहा कि दोनों फिल्में देखकर उन्हें अद्भुत आनंद की अनुभूति हुई। उन्होंने वर्चुअल जंगल सफारी का भी अवलोकन किया तथा सफारी की व्यवस्थाओं एवं तकनीकी विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट दबाकर फव्वारे का शुभारंभ किया। उन्होंने एक्वेरियम में मौजूद रंग-बिरंगी मछलियों का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने प्राणी संग्रहालय में विकसित की गई इन नवीन सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि इससे शहरवासियों, बच्चों और पर्यटकों को मनोरंजन के साथ वन्यजीवों एवं प्रकृति को नए तकनीकी माध्यम से समझने का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री महेंद्र हार्डिया, श्री मधु वर्मा, श्री सावन सोनकर, श्री सुमित मिश्रा, श्री गौरव रणदिवे, एमआईसी सदस्य श्री नंदकिशोर पहाड़िया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में काफिला रुकवाकर कावड़ यात्री से मिले



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में श्रावण मास की धार्मिक यात्रा पर कावड़ यात्री को जाता देख अपना काफिला रुकवा कर कावड़ यात्री से उनकी कावड़ लेकर अपने कंधे पर उठाकर चलें। साथ ही उन्होंने इंदौर के कावड़ यात्री श्री बाबू पटेल से चर्चा की। श्री बाबू पटेल ने बताया कि वे वर्षों से कावड़ यात्रा कर रहें है। मुख्यमंत्री ने उनकी प्रशंसा करते हुए श्रावण मास की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री रविवार को इंदौर प्रवास पर रहें। इस दौरान उन्होंने इंदौर में अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सात वर्ष की उम्र में तीसरी बार वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले अनघ चित्तौड़ा का किया स्वागत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सात वर्ष की आयु में तीसरी बार वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले इंदौर के बाल प्रतिभावान अनघ चित्तौड़ा का स्वागत कर उनकी उपलब्धि की सराहना की। अनघ ने 10 मिनट 48 सेकंड में 50 मंत्र एवं श्लोक बोलकर यह रिकॉर्ड बनाया है, जिसे वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने प्रमाणित किया है। अनघ ने इससे पहले 3 वर्ष 11 माह की आयु में संख्याओं की तुलना और 4 वर्ष 9 दिन की आयु में 50 मसालों की पहचान कर दो वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए थे। अनघ होम स्कूलिंग हैं और उनकी उपलब्धियों के पीछे उनकी मां श्रद्धा चित्तौड़ा की साधना, अनुशासन एवं अथक मेहनत तथा पिता प्रणय चित्तौड़ा का निरंतर प्रोत्साहन रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनघ को भारतीय संस्कृति, संस्कृत भाषा और श्रेष्ठ संस्कारों का प्रेरणादायी उदाहरण बताया।

### अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को मिलेगी मजबूती

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चार अत्याधुनिक फायर बाइक जनता को समर्पित कीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर शहर में अग्नि दुर्घटनाओं के दौरान त्वरित राहत एवं बचाव कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में चार अत्याधुनिक फायर बाइक अग्निशमन विभाग के बेड़े में शामिल की गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इन फायर बाइक को जनता को समर्पित किया।**

चारों फायर बाइक विशेष रूप से शहर की सकरी गलियों, भीड़भाड़ वाले बाजारों तथा ऐसे क्षेत्रों में आग बुझाने के लिए उपयोगी होंगी, जहां बड़े फायर वाहनों का पहुंचना कठिन होता है। इससे अग्नि दुर्घटना की सूचना मिलने पर फायर विभाग की टीम कम समय में घटनास्थल तक पहुंचकर प्रारंभिक स्तर पर आग पर प्रभावी नियंत्रण कर सकेगी।



**छप्पन दुकान और सराफा जैसे क्षेत्रों में होगी विशेष उपयोगिता-** इंदौर के छप्पन दुकान, सराफा बाजार सहित अन्य व्यस्त एवं संकरे बाजार क्षेत्रों में आग लगने की स्थिति में बड़े फायर वाहनों को घटनास्थल तक पहुंचाने में कई बार कठिनाई होती है। ऐसे स्थानों पर फायर बाइक अग्निशमन दल के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होंगी। कॉम्पैक्ट आकार के कारण इन्हें भीड़भाड़ एवं संकरी गलियों से आसानी से घटनास्थल तक पहुंचाया जा सकेगा।

**40 लीटर पानी और 4 लीटर फोम की क्षमता-** प्रत्येक फायर बाइक में 40 लीटर तक पानी और 4 लीटर फोम रखने की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा घटनास्थल के आसपास बोरिंग अथवा अन्य जल स्त्रोत उपलब्ध होने पर फायर बाइक के माध्यम से वहां से पानी लेकर भी आग बुझाने की कार्रवाई की जा सकेगी।

**कर्मचारियों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण-** फायर बाइक के प्रभावी संचालन के लिए अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षित कर्मचारी इन फायर बाइक के माध्यम से घटनास्थल पर तेजी से पहुंचकर आग पर प्रारंभिक नियंत्रण, नागरिकों की सुरक्षा तथा आवश्यकतानुसार बड़े फायर वाहनों के लिए मार्ग प्रशस्त करने की कार्रवाई करेंगे।

चार अत्याधुनिक फायर बाइक के अग्निशमन बेड़े में शामिल होने से इंदौर की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी तथा आपात परिस्थितियों में नागरिकों को त्वरित अग्निशमन सेवा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़, श्री मधु वर्मा, श्री गोलू शुक्ला, श्री रमेश मेंदोला, संभागायुक्त श्री भास्कर लक्षकार, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, श्री सुमित मिश्रा, श्री श्रवण चावड़ा, श्री मेघराज जैन, श्री बाबू सिंह रघुवंशी, श्री सावन सोनकर, श्री गौरव रणदिवे, श्री प्रताप करोसिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## तीन रक्तदान शिविरों में 466 यूनिट रक्तदान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इन्दौर। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा तीन स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में नागरिकों और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 466 यूनिट रक्तदान किया। बड़ा सराफा स्थित ब्राह्मण स्वर्णकार धर्मशाला में देवी अहिल्या बंगाली स्वर्ण शिल्पी सेवा समिति इंदौर द्वारा आयोजित शिविर में 368 यूनिट, यशवंत क्लब इंदौर में




राउंड टेबल 242 द्वारा आयोजित शिविर में 75 यूनिट तथा निपानिया स्थित स्काई लग्जरिया में एमराल्ड हाइट्स एलुमनी एसोसिएशन द्वारा आयोजित शिविर में 23 यूनिट रक्तदान किया गया। उक्त तीनों शिविरों में रक्त संग्रहण की व्यवस्था स्टेट ऑफ आर्ट मॉडल ब्लड सेंटर, डिपार्टमेंट ऑफ ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, एम.जी.एम. मेडिकल कॉलेज एवं एम.वाय. हॉस्पिटल इंदौर की टीम द्वारा की गई। इस अवसर पर रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं तथा शिविर आयोजक संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। स्वैच्छिक रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की 25 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापना के लिए किया भूमिपूजन

## इंदौर के दशहरा मैदान में स्थापित होगी 197.13 लाख रुपए लागत की विशाल प्रतिमा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इंदौर के दशहरा मैदान स्थित उद्यान में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा स्थापना के लिए विधि विधान से पूजन-अर्चन कर भूमिपूजन किया। नगर पालिक निगम, इंदौर द्वारा अन्नपूर्णा रोड दशहरा मैदान में स्थित उद्यान में अटल जी की 25 फीट ऊंची प्रतिमा एवं पेडस्टल का निर्माण कराया जा रहा है। लगभग 197.13 लाख रुपये की लागत से बनने वाली यह प्रतिमा अटल जी की स्मृतियों, उनके व्यक्तित्व और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को चिरस्थायी स्वरूप प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दशहरा मैदान जैसे प्रमुख सार्वजनिक स्थल पर अटल जी की प्रतिमा की स्थापना केवल एक स्मारक का निर्माण नहीं, बल्कि उनके विचारों और आदर्शों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। यह प्रतिमा नागरिकों, विशेषकर युवाओं को अटल जी के जीवन, राष्ट्रप्रेम,



सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनके समर्पण से परिचित कराएगी।

**चार माह में पूर्ण होगा प्रतिमा स्थापना एवं पेडस्टल निर्माण कार्य-** नगर निगम इंदौर द्वारा दशहरा मैदान स्थित उद्यान में प्रतिमा स्थापना एवं पेडस्टल निर्माण का कार्य किया जा रहा है। परियोजना की कुल लागत 197.13 लाख रुपये है। प्रस्तावित प्रतिमा की ऊंचाई 25 फीट होगी और इसका निर्माण गनमेटल धातु से किया जाएगा। प्रतिमा स्थापना एवं पेडस्टल निर्माण का कार्य लगभग चार माह की अवधि में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। यह प्रतिमा स्थल स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्रसेवा, सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं राष्ट्रीय एकता के आदर्शों का स्थायी स्मारक बनेगा। यहां आने वाले नागरिकों और युवाओं को उनके जीवन एवं विचारों से प्रेरणा प्राप्त होगी।

इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन, विधायकगण श्रीमती मालिनी गौड़, श्री रमेश मेंदोला, श्री मधु वर्मा, श्री महेंद्र हार्डिया और श्री गोलू शुक्ला, श्री सुमित मिश्रा, श्री प्रताप करोसिया, श्री सत्यनारायण सत्तन, श्री सुदर्शन गुप्ता, श्री गौरव रणदीवे, संभागायुक्त श्री भास्कर लाक्षाकार, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, पुलिस कमिश्नर श्री संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक रहे।

## ड्राय-डे पर आबकारी विभाग की सख्त कार्रवाई

# 800 लीटर देशी एवं विदेशी मदिरा सहित एक दोपहिया वाहन जब्त

● कुल 75 प्रकरण भी दर्ज किए गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इन्दौर। कलेक्टर इंदौर श्री शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशन में शुष्क दिवस (ड्राय-डे) के अवसर पर जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय, परिवहन एवं संग्रहण के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा सघन अभियान चलाया गया। कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार गश्त, निगरानी एवं जांच की गई। अभियान के दौरान जिले में कुल 75 प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के 03 तथा धारा 34(1) के 24 प्रकरण शामिल हैं। कार्रवाई में लगभग 800 लीटर देशी एवं विदेशी मदिरा जब्त की गई तथा एक दोपहिया वाहन भी जब्त किया गया। शाम के समय विशेष रूप से ढाबा चेकिंग अभियान चलाया गया। विभिन्न ढाबों एवं आसपास के क्षेत्रों में जांच के दौरान अवैध रूप से मदिरापान कराए जाने के संबंध में 37 प्रकरण दर्ज किए गए।



**वृत्त महू-अ में बड़ी कार्रवाई-** सहायक जिला आबकारी अधिकारियों श्री गणपत सिंह धुंध, श्री पवन टीकेकर एवं श्रीमती निधि शर्मा के नेतृत्व में वृत्त महू-अ के प्रभारी अधिकारी आबकारी उप निरीक्षक श्री हरेन्द्र घुरैया ने मुखबिर की सूचना पर गुर्जर ढाबा एवं आरोपी के निवास, शांति पैराडाइज, हरसोला, महू में दबिश दी। कार्रवाई में कुल 598.8 बल्क लीटर अवैध मदिरा जब्त की गई। इसमें 108 बल्क लीटर देशी मदिरा प्लेन, 240 बल्क लीटर बीयर केन, 124.8 बल्क लीटर बोतल एवं 126 बल्क लीटर स्प्रिट शामिल है। जब्त मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 2 लाख 75 हजार रुपये है। प्रकरण में आरोपी दीपक राठौड़, निवासी शांति पैराडाइजहरसोलामहू के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

**राजमोहल्ला वृत्त में अवैध शराब परिवहन पकड़ा-** वृत्त राजमोहल्ला में आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती मीना माल एवं उनकी टीम ने गश्त के दौरान दोपहिया वाहन क्रमांक MP09 - XM6919 को रोककर जांच की। वाहन से 50 पाव देशी मदिरा प्लेन एवं 50 पाव देशी मदिरा मसाला, कुल 100 पाव देशी मदिरा अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाई गई। आरोपी योगेश, निवासी लक्ष्मीनगर काकड़इंदौर को गिरफ्तार कर मदिरा एवं वाहन जब्त करने की कार्रवाई की गई। साथ ही आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जब्त मदिरा एवं वाहन का कुल अनुमानित बाजार मूल्य 84 हजार 250 रुपये है।

इसके अलावा आबकारी विभाग की टीम द्वारा बॉम्बे बाजार, बालदा कॉलोनी सहित विभिन्न वृत्तों में भी अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई की गई। सिंधी कॉलोनी एवं बड़ी ग्वालटोली क्षेत्र में की गई कार्रवाई में क्रमशः 59.04 बल्क लीटर एवं 107.64 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त की गई। दोनों मामलों में कुल 166.68 बल्क लीटर अवैध शराब, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 90 हजार 540 रुपये है, जब्त की गई।

## एमडी के साथ बाइक राइडर पकड़ाया

**इंदौर**। खजराना और चंदन नगर पुलिस ने नशे और अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को पकड़ा है। खजराना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 100 ग्राम एमडी ड्रग बरामद की है। वहीं, चंदन नगर पुलिस ने ड्राय डे पर अवैध शराब बेचने के आरोप में तीन लोगों को पकड़ा है। उनके पास से हजारों रुपए कीमत की शराब जब्त की गई है। खजराना टीआई मनोज सेंधव की टीम ने राहुल पिता मनोहर परमार निवासी चाणक्यपुरी, सिविल लाइंस, देवास को पकड़ा है। उसके साथ एक नाबालिग भी पकड़ा गया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से करीब 100 ग्राम एमडी ड्रग बरामद की है। दोनों इलाके में एक अन्य व्यक्ति को ड्रग की डिलीवरी करने आए थे। फिलहाल उनसे पूछताछ कर रही है। इधर, चंदन नगर पुलिस ने 15 अगस्त को अवैध तरीके से शराब बेचने के मामले में तीन आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों में सत्या पिता कालू वसुनिया निवासी चंदन नगर रईस पितामोहम्मद शकुर पठान निवासी सहयोग नगर और प्रदीप पिता ओमप्रकाश सेन निवासी सिरपुर शामिल हैं।

Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.detectivegroupreport.com

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है... समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है... तो आइए हमारे समाचारपत्र/पत्रिका/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ जुड़े और 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।

* * * * *

कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करे। या अपना पूरा बॉयोडाटा हमें ई-मेल करे

www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com

(आपके सुझाव/लेख/न्यूज/ऑडियो-वीडियो/सूचना का सदैव स्वागत है)

# स्व. अटलजी की स्मृतियां मध्यप्रदेश की माटी में आज भी जीवंत हैं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने स्व. अटल जी की आठवीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की आठवीं पुण्यतिथि पर रविवार को कृतज्ञ राष्ट्र ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शौर्य स्मारक के पास स्थापित स्व. अटल जी आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।**



इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. श्री अटल जी का मध्यप्रदेश से आत्मीय और गहरा रिश्ता रहा है। मध्यप्रदेश उनकी जन्मभूमि होने के साथ उनकी कर्मभूमि होने से भी भावनात्मक रूप से जुड़ा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटल जी एक महान राजनेता थे। वे भारत की लोकतांत्रिक चेतना, राष्ट्रभक्ति और मानवीय संवेदनाओं के ऐसे प्रतीक थे, जिनका व्यक्तित्व राजनीति की सीमाओं से कहीं बड़ा था। मध्यप्रदेश की माटी को गर्व है कि उसने अटल जी जैसे युगपुरुष को जन्म दिया। ग्वालियर की गलियों से निकली उनकी आवाज ने देश ही नहीं, पूरी दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाया। उन्होंने कहा कि स्व. अटल जी का व्यक्तित्व सहजता, संवेदनशीलता, राष्ट्र के प्रति समर्पण और उत्कृष्ट वक्तृत्व का अद्भुत संगम था। उनके विचारों और जीवन मूल्यों ने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। वे सत्ता को साध्य नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का माध्यम मानते थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटल जी की स्मृतियां, प्रतिमाओं और स्मारकों में ही नहीं, मध्यप्रदेश के जन-जन के मन में जीवित हैं। ग्वालियर की गलियों से लेकर देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच तक उनकी यात्रा हमें यह प्रेरणा देती है कि साधारण परिवेश से उठकर भी असाधारण संकल्प के साथ राष्ट्र के भविष्य को नई दिशा दी जा सकती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटल जी की वाणी में ओज था, उनके व्यवहार में विनम्रता, विचारों में दृढ़ता थी तो लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति गहरा सम्मान। उन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। वे सदैव संवाद से समस्या समाधान के पक्षधर रहे। उनका जीवन और कृतित्व आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रहित, सुशासन और जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर सांसद श्री आलोक शर्मा, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, विधायक श्री भगवान दास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय, समाजसेवी डॉ. महेंद्र सिंह, श्री राहुल कोठारी, श्री रविन्द्र यति, श्री आशीष अग्रवाल एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

### एमपी में मानसून दिखा रहा असर

# आज 14 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी, 3 में ऑरेंज अलर्ट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में मानसून ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। बंगाल की खाड़ी से सक्रिय हुए मजबूत मौसम तंत्र के कारण अगले दो दिन पूर्वी मध्य प्रदेश के जिलों में बारिश का दौर तेज रहेगा। इसके बाद इसका असर पश्चिमी हिस्से में बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने सोमवार को सीधी, मऊगंज और डिंडौरी में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में 24 घंटे के दौरान 4 से 8 इंच तक पानी गिर सकता है। सतना, पन्ना, दमोह, कटनी, शहडोल, अनूपपुर, जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला और बालाघाट में भी भारी बारिश की चेतावनी है। यानी पूर्वी मध्य प्रदेश के बड़े हिस्से में अगले 24 घंटे मौसम बेहद सक्रिय रह सकता है।

भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, धार, अलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, उज्जैन, नीमच, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, देवास, रतलाम, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, रीवा, सिंगरौली, मैहर, उमरिया, सागर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार 15 से 21 अगस्त तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों हिस्सों में बारिश की गतिविधियां बनी रहेंगी। 15 से 19 अगस्त के बीच पूर्वी हिस्से में तेज बारिश का दौर रहेगा। इसके बाद पश्चिमी मध्य प्रदेश में बारिश का जोर बढ़ सकता है। भोपाल, ग्वालियर और चंबल संभाग भी सिस्टम के प्रभाव से अछूते नहीं रहेंगे। इन क्षेत्रों में 17, 18 और 19 अगस्त को कुछ जिलों में तेज बारिश होने की संभावना है।

प्रदेश में मानसून सीजन के दौरान अब तक 544.4 मिलीमीटर यानी करीब 21.4 इंच बारिश हो चुकी है। सामान्य तौर पर इस अवधि में 618.8 मिलीमीटर यानी 24.4 इंच पानी गिरना चाहिए था। इस हिसाब से प्रदेश में करीब 3 इंच बारिश कम है और कुल कमी 12 प्रतिशत है। पूर्वी मध्य प्रदेश में सामान्य से 18 प्रतिशत और पश्चिमी हिस्से में 6 प्रतिशत कम बारिश हुई है।

पूर्वी हिस्से के जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में बारिश की कमी 19 प्रतिशत तक है। बालाघाट, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, डिंडौरी, जबलपुर, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, निवाड़ी, पांढुर्णा, पन्ना, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़ और उमरिया में सामान्य से 2 से 54 प्रतिशत तक कम बारिश दर्ज हुई है।

# बंदूक ढूंढने गई पुलिस को घर में मिला 'नोटों का पहाड़'

### गिनने के लिए मंगानी पड़ गई मशीन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी। मध्य प्रदेश के सागर जिले के गोपालगंज थाना क्षेत्र में रविवार को पुलिस उस समय हैरान रह गई, जब बंदूक की सूचना पर एक मकान में दबिश देने पहुंची. दबिश के दौरान यहां पुलिस टीम को हथियार तो नहीं मिला, लेकिन घर के अंदर बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हो गई. नोटों की संख्या इतनी अधिक थी कि पुलिस को मौके पर ही नोट गिनने की मशीन बुलानी पड़ी. मामला तिली तिगड्डा के पास स्थित एक मकान का है.**



नोटों का पहाड़ देख पुलिस अधिकारी भी हुए हैरान

पुलिस को सोशल मीडिया पर एक युवक की बंदूक के साथ तस्वीर सामने आने और हथियार के प्रदर्शन की सूचना मिली थी. इसी सूचना के आधार पर गोपालगंज पुलिस ने सौरभ पिता जगदीश अहिरवार के मकान पर दबिश दी. पुलिस ने मकान की तलाशी ली, लेकिन कोई हथियार बरामद नहीं हुआ. हालांकि पुलिस को घर में बड़ी मात्रा में नकदी जरूर मिली. नकदी इतनी ज्यादा थी कि पुलिस अधिकारी भी चौंक गए.

शुरुआती जानकारी के मुताबिक नकदी की रकम करीब एक करोड़ रुपए के आसपास बताई जा रही है. हालांकि नोटों की गिनती पूरी होने के बाद ही वास्तविक राशि स्पष्ट हो सकेगी. नकदी मिलने के बाद पुलिस ने मकान में मौजूद परिवार के सदस्यों से पूछताछ की. परिवार की ओर से दावा किया गया कि यह रकम उनके एक रिश्तेदार की है, जो भोपाल में इंजीनियर हैं. लेकिन सवाल यह है कि इतनी बड़ी रकम घर में क्यों रखी गई थी. फिलहाल रकम के वास्तविक स्रोत को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.

**एसपी ने क्या कहा?**

मौके पर पुलिस के साथ राजस्व विभाग की टीम को भी बुलाया गया. नोट गिनने के लिए मशीन मंगाकर नकदी की गिनती की जा रही है. साथ ही पुलिस रकम से जुड़े दस्तावेजों और उसके स्रोत की जानकारी जुटा रही है. मामले की सूचना आयकर विभाग को भी दी गई है. एडिशनल एसपी नरेंद्र सोलंकी के मुताबिक पुलिस को हथियार की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर मकान में दबिश दी गई. तलाशी के दौरान नकदी मिली है, जिसकी गिनती जारी है. पैसा किसका है और कहां से आया, इसकी जांच की जा रही है. अब पुलिस जांच के बाद ही साफ होगा कि घर से बरामद इतनी बड़ी नकदी वास्तव में किसकी है? इसका स्रोत क्या है और क्या इसके संबंध में वैध दस्तावेज मौजूद हैं.

## महाकाल मंदिर में बिके 122 क्विंटल लड्डू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शनिवार, 15 अगस्त को उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। देशभर से पहुंचे 6 लाख 57 हजार 218 श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन किए। स्वतंत्रता दिवस और सावन के बीच मंदिर परिसर और दर्शन मार्गों पर दिनभर भीड़ बनी रही। मंदिर प्रबंध समिति के अनुसार, 15 अगस्त को कुल 6,57,218 श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन किए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में बड़ी मात्रा में लड्डू खरीदे। एक दिन में 122.165 क्विंटल यानी 12,216.5 किलो से अधिक लड्डुओं की बिक्री हुई। इससे समिति को 54 लाख 69 हजार 800 रुपए की आय हुई।

## मशीन में फंसा मजदूर हाथ-पैर कटे

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** नर्मदापुरम संभाग के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र मोहासा स्थित भगवती राइस मिल में शनिवार शाम दर्दनाक हादसा हो गया। काम के दौरान 45 वर्षीय मजदूर महेश नामदेव मशीन की चपेट में आ गया। हादसे में उसका एक हाथ और एक पैर कट गया। गंभीर हालत में उसे भोपाल के सागर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। महेश नामदेव बिकोर का रहने वाला है और फिलहाल माखननगर में रहकर राइस मिल में काम करता था।

## नदी पार कर रहे 3 बच्चे बहे, दो के शव मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मैहर, एजेंसी।** मैहर जिले में अमरपाटन तहसील के नादन देहात थाना क्षेत्र में शनिवार रात नदी पार करते समय दो सगे भाइयों समेत तीन लोग तेज बहाव में बह गए। इनकी पहचान विराज कुशवाहा (7), सार्थक कुशवाहा (5) और उनके मामा अंकुल कुशवाहा (19) के रूप में हुई है। SDRF और NDRF की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन में सार्थक का शव ढूंढ निकाला है। करीब सात घंटे बाद शाम 4 बजे दूसरा विराज कुशवाहा का शव भी मिल गया। दोनों बच्चे भड़री, अमरपाटन के रहने वाले हैं, जबकि अंकुल खरमसेड़ा का रहने वाला है। शनिवार रात करीब 10 बजे तीनों जुड़ा गांव के पास नदी पार कर बाइक से बहन के घर जन्मदिन समारोह में शामिल होने तेंदुटी जा रहे थे।

## संपादकीय

# भारत-जापान रक्षा सहयोग का नया अध्याय

जापान हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रक्षा सहयोग बढ़ाने को तत्पर है। यही वजह है कि जापान के रक्षा मंत्री शिंजीरो कोइजुमी इस सप्ताह दो ऐसे देशों का दौरा करेंगे जो इस क्षेत्र के मजबूत सहयोगी हैं। ऑस्ट्रेलिया के बाद वे 19 अगस्त को भारत पहुंचेंगे और अपने भारतीय समकक्ष राजनाथ सिंह से मुलाकात करेंगे। वहीं, जापान के इस दौरे के बाद से चीन की धुकधुकी बढ़नी तय है। बता दें कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन अपनी सैन्य, आर्थिक और कूटनीतिक ताकत के दम पर लगातार अपनी दादागिरी और आक्रामक विस्तारवाद को बढ़ा रहा है। चीन वैश्विक नियमों की अनदेखी कर अपना एकतरफा एकाधिकार स्थापित करना चाह रहा है। वहीं, अब जापान के रक्षा मंत्री के भारत दौरे के बाद चीन एक बार के लिए जरूर सतर्क हो गया होगा। वहीं, भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम-आधारित व्यवस्था को बनाए रखने के लिए विभिन्न देशों और मंचों के माध्यम से सहयोग को बढ़ावा देता है। कोइजुमी 19 अगस्त को मुंबई पहुंचेंगे और राष्ट्रीय राजधानी जाने से पहले वहां एक नेवल बेस का दौरा कर सकते हैं। उनका यह दौरा भारत और जापान के बीच UNICORN नेवल रेडियो एंटीना सिस्टम के लिए पहले को-डेवलपमेंट एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करने के ठीक बाद हो रहा है, जो उनकी डिफेंस टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप में एक और कदम है। रक्षा सूत्रों के अनुसार, कोइजुमी और राजनाथ सिंह के बीच बातचीत मुख्य रूप से रक्षा उद्योग में सहयोग बढ़ाने और संयुक्त ऑपरेशनल तैयारी का आकलन करने पर केंद्रित होने की संभावना है। हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग बढ़ा है और दोनों पक्ष कई क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं। इसके अलावा जुलाई में हुए समिट एग्रीमेंट के आधार पर ड्रोन के जॉइंट डेवलपमेंट के साथ-साथ समुद्री सुरक्षा के लिए रक्षा उपकरणों और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा होगी। इसके साथ ही इस साल के अंत में टोक्यो में आयोजित होने वाले दोनों देशों के विदेश और रक्षा मंत्रियों की टू-प्लस-टू द्विपक्षीय सुरक्षा व रणनीतिक सहयोग को लेकर भी चर्चा होगी।

## सैर सपाटा

**भारत के ऐसे कई मंदिर हैं, जिनका रहस्य लोगों को हैरान कर देता है। ऐसा ही रहस्य है उनाकोटी में बनीं 1 करोड़ से एक कम भगवान की मूर्तियों का। चलिए आपको उनाकोटी के बारे में सबकुछ बताते हैं।**

# उनाकोटी में हैं भगवान की 99,99,999 मूर्तियां!

### किसने और कब बनवाई ये प्रतिमाएं, जानें भगवान शिव से जुड़ा रहस्य

**भारत में हर राज्य, शहर, गांवों में आपको अनोखी चीजें देखने और सुनने को मिलेंगी, खासतौर पर धार्मिक मान्यताओं से जुड़ी हुई। कहीं पर किसी मंदिर में भगवान के अनोखे दर्शन की कहानी मिलेगी, तो कोई मंदिर पानी में डूबा हुआ दिखेगा। आज हम आपको जिस मंदिर की कहानी बताने जा रहे हैं, वह सीधा भगवान शिव से जोड़ी जाती है और वहां पर 1 करोड़ से एक कम भगवानों की मूर्तियां बनी हुई हैं। इस जगह को देखने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं और यहां पर सुकून पाते हैं। इन मूर्तियों को देखकर लगता है जैसे किसी शिल्पकार ने इन्हें शिद्दत से तराशा है और यहां पर भगवान शिव, गणेश, राम, लक्ष्मी, दुर्गा समेत कई भगवानों की प्रतिमाएं आपको देखने को मिलेंगी। सवाल यह उठता है कि आखिर चट्टानों पर इतनी प्रतिमाएं किसने और कब बनवाई। चलिए आपको इन मूर्तियों के रहस्य के बारे में बताते हैं।**



### उनाकोटी में हैं 1 करोड़ से एक कम मूर्तियां

पूर्वोत्तर भारत के त्रिपुरा राज्य में रघुनंदन पहाड़ियों की गोद में बसा 'उनाकोटी' एक प्राचीन स्थल है। उनाकोटी का मतलब होता है 1 करोड़ से एक कम। इन चट्टानों पर 99 लाख 99 हजार 999 मूर्तियां बनी हुई हैं और इसी वजह से इस जगह का नाम उनाकोटी पड़ गया। इस स्थान पर चट्टानों को काटकर लगभग इतनी ही संख्या में मूर्तियां और आकृतियां उकेरी गई हैं, जो देखने में बेहद आकर्षित लगती हैं।

### किसने और कब बनवाई ये प्रतिमाएं

यहां पर सभी भगवानों की मूर्तियों के साथ रावण की प्रतिमा भी बनी हुई है, जिनके हाथ में धनुष है। सबसे बड़ी मूर्ती यहां पर भगवान शिव की है और उनके आस-पास नंदी बने हुए हैं। इन मूर्तियों को कब और किसने बनवाया आजतक इसका रहस्य कोई सुलझा नहीं पाया है। इन मूर्तियों को लेकर कई कहानियां वहां प्रचलित है और सभी में भगवान शिव मुख्य हैं। कुछ लोग मानते हैं कि पाल साम्राज्य के दौरान यह जगह बनी, तो कोई कहता है कि 8वीं-9वीं शताब्दी में यह जगह बनी। अभी तक इन दावों को लेकर कुछ भी पुख्ता नहीं है।



### भगवान शिव ने दिया सभी को श्राप

डिस्कवरी प्लस के शो एकांत में बताई गई पहली कहानी ये है कि सभी भगवान इसी रास्ते से होकर काशी जा रहे थे। रात में थकान के कारण सभी ने रघुनंदन की पहाड़ियों पर आराम करने का सोचा। भगवान शिव ने सभी को कहा कि सूर्य निकलने से पहले ही उठकर चलना है। दुर्भाग्य से अगली सुबह किसी भी देवी-देवता की नींद नहीं खुली और भगवान शिव ने उन्हें मूर्ती बनने का श्राप दिया और खुद वहां से चले गए। सवाल ये है कि शिव जी भी चले गए थे तो उनकी मूर्ती वहां क्यों बनी है।

### कल्लू कुम्हार ने बनाईं मूर्तियां

अन्य किंवदंती है कि कल्लू कुम्हार ने माता पार्वती और शिव जी को इस रास्ते से कैलाश की ओर जाते देखा, तो उन्होंने भी कैलाश पर्वत साथ लेकर चलने को कहा। ऐसे में मां पार्वती ने कुम्हार की परीक्षा लेने के लिए 1 करोड़ देवी-देवता की मूर्तियां बनाने को कहा और कल्लू ने रातभर मेहनत कर मूर्तियां बनाईं लेकिन इसमें एक कम रह गई। इस वजह से वह कैलाश नहीं जा पाया और इस जगह को उनाकोटी कहा जाने लगा।

### विश्व धरोहर स्थल बना

अब उनाकोटी सिर्फ धार्मिक तीर्थ ही नहीं बल्कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) ने उनाकोटी को राष्ट्रीय धरोहर स्थल का दर्जा भी दिया है। इसे लॉस्ट हिल ऑफ फेसेज भी कहा जाता है, इसका मतलब हुआ चेहरों का खोया हुआ पहाड़। यहां पर लोग दूर-दूर से घूमने और इन मूर्तियों को देखने आते हैं। यहां पर लोगों को अजीब सी शांति का एहसास होता है। यहां पर आस-पास हरियाली फैली हुई है, जहां का नजारा आंखों को सुकून देता है।

Bihar

# लखीसराय के अशोकधाम मंदिर में भगदड़, 7 श्रद्धालुओं की मौत

**लखीसराय, (एजेंसी)** बिहार के लखीसराय के प्रसिद्ध अशोकधाम मंदिर में दर्दनाक हादसा हो गया. सावन के तीसरे सोमवार पर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए पहुंचे थे, इसी दौरान श्रद्धालुओं के बीच बिजली का तार गिरने से अचानक भगदड़ मच गई. इस हादसे में सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं. घायलों को इलाके के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

बताया जा रहा है कि घटना के वक्त मंदिर परिसर में भारी भीड़ जमा थी. श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए कतार में लगे हुए थे. इसी दौरान बिजली का तार गिरने से लोग



घबराकर भागने लगे, जिससे भगदड़ की स्थिति पैदा हो गई. कई महिलाएं भीड़ में दब गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई.

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी और मेडिकल टीमें मौके पर पहुंच गई हैं. घायलों को तुरंत लखीसराय सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है. राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी है. प्रशासन स्थिति को नियंत्रण में लाने की कोशिश कर रहा है.

घटना के बारे में जानकारी देते हुए लखीसराय के डीएम ने बताया कि सावन का तीसरा सोमवार होने के करण प्रशासन ने मंदिर परिसर में भीड़ को नियंत्रित करने के इंतजाम किए थे.

Uttarpradesh

## अंडमान में हनीमून के दौरान दुल्हन को आए पीरियड्स, भड़के पति ने पीटा और दबाया गला

**गोरखपुर में FIR दर्ज**



**गोरखपुर, (एजेंसी)** यूपी के गोरखपुर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. आरोप है कि हनीमून पर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया. बाद में नौबत तलाक तक आ गई. दोनों पक्षों के अपने-अपने दावे और आरोप हैं. फिलहाल, पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है. घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है. दरअसल, रामगढ़ताल की युवती का विवाह दिल्ली के निखिल मिश्रा से हुआ था. आरोप है कि अंडमान निकोबार में पीरियड्स आने पर पति ने मारपीट कर गला दबाने की कोशिश की. 40 लाख का दहेज पाने के बावजूद प्रताड़ित कर पीड़िता को ससुराल से निकाल दिया. पीड़िता ने एसएसपी से गुहार लगाई, जिसके बाद रामगढ़ताल थाने में केस दर्ज हुआ. पीड़िता के अनुसार, विवाह के करीब एक महीने बाद वह पति के साथ अंडमान-निकोबार हनीमून मनाने गई थी. वहां अचानक पीरियड्स के दौरान उसके पेट में तेज दर्द होने लगा और काफी खून निकलने लगा. वह दर्द से रोने लगी तो पति यह देखकर नाराज हो गया. उसने थप्पड़ों, लात-घूंसों से पीटा और गला दबाने का प्रयास किया. चीख-पुकार सुनकर होटल कर्मचारी पहुंचे और दरवाजा पीटकर युवती की जान बचाई. इसके बाद पति ने पीड़िता के पिता को फोन करके गाली-गलौज की और बेटी को ले जाने की धमकी दी.

New Delhi

## NTA की फिर किरकिरी! गलती के बाद रद्द करनी पड़ी UGC-NET के तीन विषयों की परीक्षा

**नई दिल्ली, (एजेंसी) नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने UGC-NET जून 2026 परीक्षा के तहत तीन विषयों- अंग्रेजी, कॉमर्स और समाजशास्त्र की परीक्षा दोबारा आयोजित करने का फैसला किया है. प्रश्नपत्रों में गलतियां सामने आने के बाद NTA की एक विशेष समिति की सिफारिश पर ये कदम उठाया गया है.**

री-एग्जाम के लिए अभ्यर्थियों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा. NTA ने 22 से 30 जून 2026 के बीच 87 विषयों के लिए परीक्षा आयोजित की थी. परीक्षा के बाद अंग्रेजी, कॉमर्स और समाजशास्त्र के पेपरों में खामियों को लेकर कई शिकायतें मिली थीं.

इसके बाद मामले की जांच के लिए एक विशेषज्ञ समिति बनाई गई थी. जांच में सामने आया कि इन तीन विषयों के प्रश्नपत्रों में तथ्य, टाइपिंग, ट्रांसलेशन और व्याकरण से जुड़ी कई गंभीर गलतियां थीं. प्रसिद्ध विद्वानों के नाम गलत लिखे गए थे, किताबों के टॉपिक स्पष्ट नहीं थे और कई पुराने सवाल भी दोहराए गए थे.

Jharkhand

## JPSC-JSSC विवाद पर उबाल: छात्रों ने हेमंत सोरेन-राहुल गांधी के पुतले फूंके, 20 अगस्त को CM आवास घेराव का एलान

**रांची, (एजेंसी)** झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ छात्रों का आंदोलन रविवार को 23वें दिन भी जारी रहा। सीबीआई जांच और विवादित परीक्षाओं को रद्द करने की मांग पर अब तक ठोस पहल नहीं होने से आंदोलनकारी छात्रों में राज्य सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ोती जा रही है।

इसी क्रम में छात्रों ने रविवार शाम रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पुतले फूंके। इस दौरान छात्रों ने राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर आंदोलन तेज करने का ऐलान किया। रिपोर्टों के अनुसार, राज्य के विभिन्न जिलों में भी पुतला दहन का



कार्यक्रम रखा गया था।

आंदोलनकारी छात्रों का कहना है कि जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई जांच जरूरी है। छात्रों ने आरोप लगाया कि उनकी मांगों पर सरकार की ओर से अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है।

खेल

# महिला हॉकी विश्व कप में भारतीय टीम का आगाज ड्रॉ से, चीन से 2-2 की बराबरी

**एम्सटलवीन (नीदरलैंड)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने हॉकी वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता चीन को 2-2 की बराबरी पर रोक दिया। पूल डी के इस मुकाबले में भारत ने पहले हाफ तक 2-1 की बढ़त बना ली थी, लेकिन चीन ने तीसरे क्वार्टर में बराबरी हासिल कर ली। भारत के लिए नवनीत कौर ने आठवें मिनट में फील्ड गोल किया, जबकि दीपिका ने 26वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिलाई। चीन की ओर से झांग यिंग ने 14वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया और मा निंग ने 39वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए बराबरी का गोल दागा।

### पहले क्वार्टर में भारत का दबदबा

भारत ने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की। दूसरे



मिनट में सुनेलिता टोप्पो बाएं विंग से सर्कल में दाखिल हुईं और उन्होंने दीपिका को गेंद दी, लेकिन उनका प्रयास चीनी गोलकीपर ली टिंग ने रोक दिया।

इसके बाद भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला। दीपिका मैदान पर नहीं थीं, इसलिए नवनीत ने इसका प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सकीं।

हालांकि, आठवें मिनट में नवनीत ने भारत को बढ़त दिला दी। नेहा के पास पर उन्होंने सर्कल में शानदार नियंत्रण दिखाते हुए फील्ड गोल किया।

भारत ने पहले क्वार्टर में चीन पर लगातार दबाव बनाए रखा। बालजीत और लालरेमसियामी ने दोनों विंग से बेहतरीन खेल दिखाया और भारतीय फॉरवर्ड लगातार चीनी सर्कल में पहुंचते रहे।

हालांकि, क्वार्टर के अंतिम मिनट में चीन को पेनल्टी स्ट्रोक मिल गया। अंपायर ने शिल्पी दास को झांग यिंग को रोकने का दोषी माना। भारत ने रेफरल लिया, लेकिन टीवी अंपायर ने फैसला नहीं बदला और झांग यिंग ने गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया।

### दीपिका ने फिर दिलाई भारत को बढ़त

दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपना आक्रमण जारी रखा। 22वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर नवनीत के शुरुआती प्रयास और रिबाउंड को चीनी डिफेंस ने रोक दिया। इसके बाद 26वें मिनट में दीपिका ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत को 2-1 से आगे कर दिया। चीन ने इस फैसले के खिलाफ वीडियो रेफरल लिया, लेकिन उसे खारिज कर दिया गया। हाफ टाइम तक भारत ने अपनी बढ़त कायम रखी।

### तीसरे क्वार्टर में चीन की वापसी

तीसरे क्वार्टर में चीन ने जोरदार वापसी की और भारतीय डिफेंस पर लगातार दबाव बनाया। इस दौरान भारतीय टीम को अधिकतर समय रक्षात्मक खेलना पड़ा। भारत की अनुभवी गोलकीपर सविता ने 33वें मिनट में शानदार बचाव करते हुए चीन को बराबरी करने से रोका।

सिनेमा

## तीन दिन में ही 100 करोड़ पार हुई इमरान की आवारापन 2, सनी देओल की बंटवारा 1947 कर रही स्ट्रगल!



शुक्रवार 14 अगस्त के दिन बॉलीवुड पर दो दमदार फिल्मों की भिड़ंत हुई- बंटवारा 1947 और आवारापन 2. दोनों ही फिल्में अलग-अलग जॉनर से हैं, और अलग ऑडियंस के साथ आती हैं. रिलीज से पहले इस बॉक्स ऑफिस क्लैश को 50-50 समझा जा रहा था. मगर अब ये एक तरफा में बदल चुकी है, क्योंकि इमरान लगातार सनी की फिल्म को पछाड़ रहे हैं. इमरान हाशमी की आवारापन 2, सनी देओल स्टारर बंटवारा 1947 को पहले वीकेंड काफी पीछे छोड़ चुकी है. ओपनिंग डे पर ही 22 करोड़ के नेट कलेक्शन से इमरान की फिल्म ने मजबूत लीड ले ली थी. वहीं सनी की फिल्म सिंगल डिजिट में सिमट गई थी. शनिवार को दोनों ही फिल्मों ने तगड़ा जंप देखा. बंटवारा 1947 ने तो 150% से ज्यादा अपनी कमाई में इजाफा देखा था. आवारापन 2 भी अच्छी खासी कमाई करके दो दिनों में 50 करोड़ से ज्यादा का नेट कलेक्शन करके हिट साबित हो गई थी. मगर संडे का दिन सनी देओल की फिल्म के लिए उतना खास नहीं रहा, जैसा पिछला दिन हुआ था. तीसरे दिन कमाई 46.3% तक गिर गई. सैकनिल्क की रिपोर्ट अनुसार, बंटवारा 1947 ने मात्र 7.25 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया, जिससे इसका टोटल अब 26.50 करोड़ रुपये हो चुका है. इस फिल्म को दूसरे दिन जैसा बड़ा फायदा नहीं मिल पाया है. हालांकि इसके शोज में भी कमी नोट की गई है.

## Highlights

1. Rajasthan curbs entry of outsiders in schools as CJP plans visit
2. 3 lawyers' collectives with over 700 members demand BCI chief's resignation over NALSAR row
3. Never accepted NALSAR invitation, question of me attending convocation doesn't arise: CJI Kant
4. 400 students stranded after floodwater enters Odisha school
5. 6 charred to death as massive fire breaks out at hotel in West Bengal's Tarapith at 4 am
6. 7 devotees killed in stampede after thousands gather at Bihar's Ashok Dham Temple

# Gen Z is watching the stock market hit records, so why do they still feel broke?



**NEW DEIHI, (Agency).** Americans are hearing that the economy is doing well and that the stock market is hitting record highs. But many young Americans still feel they are struggling with money. The strong economy does not always feel strong in their daily lives. Many young people are worried about their bank accounts, bills and debt.

Personal finance expert Dave Ramsey says debt is one major reason why younger Americans may not feel the benefits of a strong stock market. He made the comments in a recent interview with Fox News while discussing why many Americans remain worried about their finances even as stocks continue to reach record highs.

### Gen Z debt is growing

"The problem is feelings aren't facts," Ramsey said during the Fox News interview. He argued that financial stress can make people feel worse about the economy even when some economic indicators look strong. For Gen Z and millennials, the problem may be that a large part of their income is already being used to pay monthly bills and debt. Ramsey pointed to car loans, credit card balances and student loans as some of the biggest expenses taking money away from younger Americans. His argument is simple: if most of your paycheck is already going toward debt payments, you have less money left to save, invest or build wealth. This means a rising stock market does not automatically make everyone feel richer. Someone who does not own stocks may see headlines about the S&P 500 hitting records but may not personally benefit from that growth.

### Stock market gains

Ramsey said the stock market is up about 13% year to date and described that as a positive development. He also said that if someone had money invested in the S&P 500, their money could have doubled over the past four years. But Ramsey argued that many younger Americans are not participating in those gains because their money is going toward monthly debt payments instead. "We are not participating in any of that because all we are doing is paying payments," Ramsey told Fox News. Ramsay says that the felling of being 'boxed out' has crept among buyers in the housing market, as buying a home becomes ever so difficult because of the steep mortgage rates. Younger generations have already accrued so much debt that whilst funding their own education, and buying cars among other things, that there is not much leeway left to own a home.

Americans collectively hold about $1 trillion in auto debt, another $1 trillion in credit card balances and nearly $2 trillion in student loans, according to Ramsey.

# देर रात दुकान खोलने पर पुलिसकर्मियों पर मारपीट का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।भंवरकुआं थाना क्षेत्र में देर रात दुकान खोलने को लेकर पुलिसकर्मियों पर मारपीट और धमकी देने के आरोप लगे हैं। घटना के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं। दुकानदार हर्षित जैन ने 16 अगस्त की शाम भंवरकुआं थाना प्रभारी संतोष दूधी को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई और सहायता की मांग की है। हर्षित का आरोप है कि मारपीट में उसके चेहरे और कान पर चोट आई है।**



जानकारी के मुताबिक, हर्षित यात्रियों की सुविधा और चाय-नाश्ते की जरूरत को देखते हुए अपनी दुकान रात 2:30 से 3 बजे तक खुली रखते हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस पहले भी उन्हें रात 11 बजे तक दुकान बंद करने की हिदायत दे चुकी थी, लेकिन जरूरत के चलते कभी-कभी दुकान देर रात तक खुली रहती थी।हर्षित का आरोप है कि घटना वाली रात एक वाहन से कुछ पुलिसकर्मी दुकान के पास पहुंचे। एफआरवी वैन से उतरते ही उन्होंने अपशब्द कहना शुरू कर दिया और हर्षित को बाहर बुलाया। आरोप है कि इसके बाद उसके साथ मारपीट की गई। पुलिसकर्मी उसे जबरदस्ती एफआरवी में बैठाकर ब्रिज के आगे ले गए, जहां भी उसके साथ मारपीट की गई। हर्षित ने यह भी आरोप लगाया कि एफआरवी में आए पुलिसकर्मी वर्दी में नहीं थे। घटना के बाद परिवार ने दुकान और आसपास के सीसीटीवी फुटेज निकलवाए और लिखित शिकायत के साथ थाना प्रभारी को सौंपे। मामले में जांच की जा रही है।

## प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने फांसी लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। खुड़ैल थाना क्षेत्र में शनिवार को 27 वर्षीय युवक ने किराए के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। युवक मूल रूप से सागर का रहने वाला था और पिछले कुछ महीनों से इंदौर में निजी कंपनी में ड्राइवर का काम कर रहा था। प्रारंभिक जांच में उसके इंदौर आने की वजह सागर की एक युवती से प्रेम प्रसंग बताई जा रही है।

खुड़ैल पुलिस के मुताबिक, देवगुराड़िया की मानसरोवर कॉलोनी में किराए से रहने वाले आयुष (27) पिता उत्तम गोस्वामी का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। शनिवार को आयुष किसी का कॉल नहीं उठा रहा था। इसके बाद मकान मालिक से संपर्क किया गया। मकान मालिक ने कमरे में जाकर देखा तो आयुष फंदे पर लटका हुआ था। इसके बाद उसके पिता को इसकी जानकारी दी गई। जांच में सामने आया कि आयुष पिछले कुछ महीनों से इंदौर में रह रहा था। उसके दोस्तों ने परिवार को बताया कि सागर में रहने वाली एक युवती से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती इंदौर में पुलिस ट्रेनिंग के लिए गई थी। इसके बाद आयुष भी परिवार से इंदौर आने की जिद करने लगा और यहां आ गया। वह निजी कंपनी में ड्राइवरी का काम करता था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आयुष के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आयुष चार बहनों का इकलौता भाई था।

## अवंतिका गैस लिमिटेड की टीम के साथ मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शीतल नगर में खुले गड्ढे को बंद करने पहुंची अवंतिका गैस लिमिटेड की टीम के साथ मारपीट के मामले में अब कर्मचारियों की चोट और धमकी के आरोप सामने आए हैं। कंपनी का दावा है कि 14 अगस्त की रात पार्षद बालमुकुंद सोनी और उनके साथियों ने कर्मचारियों के साथ मारपीट की। घटना में कर्मचारी मनोज का चेहरा पूरी तरह सूज गया है और उसका जबड़ा तक नहीं खुल पा रहा, जबकि दूसरे कर्मचारी खंटूस भी घटना के बाद से डरा हुआ है। कंपनी के सुपरवाइजर अर्जुन गुर्जर का कहना है कि 14 अगस्त की रात टीम को शीतल नगर में खुले गड्ढे को बंद करने के लिए भेजा गया था। टीम मौके पर पहुंची और कर्मचारियों ने गड्ढा बंद करने का काम शुरू किया। इसी दौरान पार्षद बालमुकुंद सोनी और उनके तीन साथी वहां पहुंचे और काम करने को लेकर विवाद शुरू हो गया। इस दौरान पहले कर्मचारी मनोज और खंटूस को गाली दी गई। इसके बाद कुछ लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। साथ ही धमकी दी कि अब अगर गड्ढा खोदने आए तो वहीं गाड़ देंगे। अर्जुन का कहना है कि घटना के दौरान पुलिस को फोन किया, लेकिन मौके पर पुलिस नहीं पहुंची। बाद में मारपीट करने वाले लोग वहां से चले गए। जाते समय भी कर्मचारियों को धमकी दी गई कि यदि उनकी गाड़ी दोबारा क्षेत्र में दिखाई दी तो उसमें आग लगा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि धमकी देने वाले लोगों में से कुछ को वे पहचानते नहीं हैं। अर्जुन ने बताया कि घटना के बाद पुलिस में शिकायत की गई है। सुबह पूछने पर उन्होंने बताया कि शिकायत में आरोपियों के नाम दर्ज नहीं किए गए हैं और रिपोर्ट अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज हुई है। घटना के दौरान मौजूद कर्मचारियों से भी पुलिस ने जानकारी ली है। कंपनी के मुताबिक घटना में वाहन प्रभारी, कर्मचारी मनोज और खंटूस के चेहरे काफी सूज गए हैं। मनोज का तो जबड़ा ही नहीं खुल रहा है। सभी कर्मचारी डरे-सहमे हैं कि बिना सुरक्षा के कैसे काम करें। घटना के बाद कर्मचारियों में इतना डर है कि वे क्षेत्र में काम करने जाने को लेकर भी आशंकित हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक